एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के निम्नलिखित पद की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्रमांक | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | EWS | कुल |
| 1 | प्रोग्रामर | 01 | निरंक | | | | 01 |

दो पद का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | पद का नाम | : | प्रोग्रामर |
| | पद स्थिति | : | अस्थायी |
| | वेतनमान | : | सातवे वेतनमान में पे बैंड 10 |
| | पद हेतु अर्हताए | : | (1) शैक्षणिक अर्हता:- बी.ई. (कम्प्यूटर साईंस/आई.टी.), बी.टेक (कम्प्यूटर साईंस/आई.टी.)/ एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस/ आई.टी.)/एम.सी.ए./समकक्ष डिग्री।<br>(2) अनिवार्य अनुभव:-<br>➢ जावा तथा पी.एच.पी. प्रोग्रामिंग का विश्वसनीय पंजीकृत संस्थान/ शासकीय संस्थान/ स्वशासी संस्था में प्रोग्रामिंग का न्यूनतम 02 वर्ष का कार्यानुभव।<br>➢ J2EEE, Hibernate, Spring, Java Script, JS Framework, Angular JS2, Node JS, MVC, MVVM, MYSQL, Oracle etc. का कार्यानुभव।<br>➢ कम से कम एक PHP web framework (जैसे Laravel or CodeIgniter) एवं front-end web technologies, such as HTML, CSS and JavaScript का कार्यानुभव।<br>➢ version control system (जैसे Git) का कार्यानुभव।<br>➢ उपरोक्त पद हेतु केवल प्रोग्रामिंग का अनुभव ही मान्य होगा, शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन एवं Software Support का अनुभव इत्यादि मान्य नहीं होगा। |
| | अधिमान्यता | : | अंतिम चयन के समय समान अंक होने की स्थिति में अधिक अनुभव वाले अभ्यर्थी को अधिमान्यता दी जाएगी। |
| | शिथिलीकरण | : | आयोग द्वारा प्राप्त आवेदन-पत्रों के आधार पर एवं आवश्यकता के दृष्टिकोण से उक्त विज्ञापन में वर्णित किसी भी कंडिका को संशोधित/ विलोपित/ शिथिलीकरण करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रखता है जो आवेदनकर्ता के लिए बंधनकारी होगा। |
| | पद के मुख्य कर्तव्य | : | आयोग के सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक का उपयोग करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्यों तथा आयोग के अनुभागों के लिए इन-हाऊस आवश्यक प्रचलित कार्यों के आटोमेशन के लिए महत्वपूर्ण साफ्टवेयर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य/ रिपोर्टस जनरेशन/ टेस्टिंग एवं उसका समुचित उपयोग सुनिश्चित कराना एवं प्रबंधन का कार्य संपादित करना इत्यादि। |

तीन अन्य अर्हता : विशेष:

(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04.05.2024 तक अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।

(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड / पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/ पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र / सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-

